सं0स0–7 / बजट–46–07 / 2023– 512 (7)

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

**शैलेश कुमार,**
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

**महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार,**
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

*द्वारा– आन्तरिक वित्तीय सलाहकार।

पटना, दिनांक–13/03/2025

**विषयः– "विकसित बिहार के सात निश्चय–1" अंतर्गत दरभंगा प्रमंडल में नवनिर्मित ए0एन0एम0 स्कूल, जी0एन0एम0 स्कूल एवं बी0एस0सी0 नर्सिंग कॉलेज के पूर्व स्वीकृत योजनान्तर्गत नवनिर्मित भवनों के सभी प्रयोगशालाओं में अधिष्ठापित करने हेतु बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना निगम लि०, पटना से Turnkey Basis पर चिन्हित उपकरणों एवं उपस्करों के क्रय हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 में, रु0 7,90,53,400/–(रुपये सात करोड़ नब्बे लाख तिरपन हजार चार सौ) मात्र के प्रशासनिक स्वीकृति के विरूद्ध वित्तीय वर्ष 2024–25 में रु० 1,40,53,400/–(रुपये एक करोड़ चालीस लाख तिरपन हजार चार सौ) मात्र व्यय की स्वीकृति।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि "विकसित बिहार के सात निश्चय–1" अन्तर्गत राज्य में 54 मुख्यमंत्री निश्चय ए0एन0एम0 स्कूल के निर्माण हेतु, 23 मुख्यमंत्री निश्चय जी0एन0एम0 स्कूल के निर्माण एवं 16 मुख्यमंत्री निश्चय बी0एस0सी0 नर्सिंग कॉलेज एवं छात्रावास के निर्माण के योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसमें केवल भवन, फर्निचर आदि कार्य ही शामिल रहने के कारण 6 विविध प्रयोगशालाये (Skills Lab, Community Health Nursing Lab, Nutrition Lab, Anatomy and Physiology Lab, Pre-Clinical Lab & IT Lab) हेतु उपकरण एवं उपस्करों को अधिष्ठापित नहीं किया जा सका है।

2– अतएव नवनिर्मित भवनों के सभी प्रयोगशालाओं के संचालन हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार अन्तर्गत Indian Nursing Council के National Health Policy Revised Operational Guidelines–2017 के अनुरूप संस्थान–कोटिवार उपकरणों की संख्या एवं बिहार चिकित्सा सेवाये एवं आधारभूत संरचना निगम लि०, पटना अन्तर्गत गठित तकनीकी विशिष्टता समिति के द्वारा प्राक्कलित दर पर होने वाले व्यय विवरणी प्रमंडलवार तैयार की गयी है। निर्माण एजेन्सी (BMSICL) के द्वारा प्रमंडलवार Turnkey Basis पर सभी संस्थानों में उपकरणों की आपूर्त्ति एवं अधिष्ठापन किया जाना है। इसके लिए दरभंगा प्रमंडल अन्तर्गत नवनिर्मित संस्थानों हेतु रु० 7,90,53,400/–(रुपये सात करोड़ नब्बे लाख तिरपन हजार चार सौ) मात्र की मांग की गयी है। जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति विभागीय राज्यादेश संख्या–565(7), दिनांक–20.03.2023 द्वारा प्रदान की गयी है।

3– इस योजना हेतु अब तक आवंटित राशि का विवरण निम्नरुपेण है–

| क्र0सं0 | वित्तीय वर्ष | राशि (रु0 में) | व्ययादेश सं0 एवं दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | 2023-24 | 50,00,000/– | सं0–23(7), दिनांक–08.05.2023 |
| 2 | 2023–24 | 3,50,00,000/– | सं0–248(7), दिनांक–27.09.2023 |
| 3 | 2023–24 | 2,50,00,000/– | सं0-477(7), दिनांक–15.02.2024 |
| कुल योग– | | 6,50,00,000/– | |

4– तद्नुसार "विकसित बिहार के सात निश्चय–1" अंतर्गत दरभंगा प्रमंडल में नवनिर्मित ए0एन0एम0 स्कूल, जी0एन0एम0 स्कूल एवं बी0एस0सी0 नर्सिंग कॉलेज के पूर्व स्वीकृत योजनान्तर्गत नवनिर्मित भवनों के सभी प्रयोगशालाओं में अधिष्ठापित करने हेतु बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना निगम लि०, पटना से Turnkey Basis पर चिन्हित उपकरणों एवं उपस्करों के क्रय हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में, रु0 7,90,53,400/–(रुपये सात करोड़ नब्बे लाख तिरपन हजार चार सौ) मात्र के प्रशासनिक स्वीकृति के विरूद्ध वित्तीय वर्ष 2024-25 में रु० 1,40,53,400/–(रुपये एक करोड़ चालीस लाख तिरपन हजार चार सौ) मात्र व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

5— उक्त कार्य बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि०, पटना द्वारा स्वास्थ्य विभागीय राज्यादेश सं0—565(7) दिनाक—20.03.2023 में निहित्त शर्तों के आधार पर किया जायेगा।

6— यह व्ययादेश/राज्यादेश वित्त विभाग के परिपत्र संख्या—2561/वि0(2), दिनांक—17.04.98, 2880/वि0(2), दिनाक—06.05.06, 2938/वि0(2), दिनांक—08.04.08, 3758/वि0, दिनांक—31.05.2017 एव 12888/वि०, दिनांक—03.12.2024 के आलोक में निर्गत किया जा रहा है।

7— इस राशि के निकासी एव व्ययन पदाधिकारी, अवर सचिव—सह—निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना होंगे तथा नियत्री पदाधिकारी, निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना होगे।

8— इस राशि के व्यय का वहन मांग सख्या—20, मुख्य शीर्ष—4210—चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूँजीगत परिव्यय—03—चिकित्सा शिक्षा, प्रशिक्षण तथा अनुसंधान—105— एलोपैथी—0112—ए0एन0एम0 एव जी0एन0एम0 स्कूल, विपत्र कोड—20—4210031050112 अन्तर्गत विषय शीर्ष—0112—52 02 मशीनें एव उपस्कर—अन्य ईकाई में उपबंधित/अनुपूरक आगणन से प्राप्त राशि से किया जायेगा।

9— अवर सचिव—सह—निकासी एव व्ययन पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना बी0टी0सी0 फॉर्म—46 में तैयार विपत्र के माध्यम से राशि को नगद नहीं बल्कि खाता अतरण के माध्यम से बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि०, पटना को उपलब्ध करायेंगे, जो उक्त राशि को पी0एल0 एकाउन्ट स0—PBBPLA007 विपत्र कोड—00-8448001110002-0001 के अन्तर्गत ledger ID-5265 मे जमा कर राशि का खर्च विधिवत प्रक्रिया अपनाते हुए करेगे और ससमय उपयोगिता प्रमाण—पत्र विहित प्रपत्र मे तैयार कर प्रशासी विभाग को उपलब्ध कराएँगे।

10— बिहार चिकित्सा सेवाये एवं आधारभूत संरचना निगम, पटना इस राशि का धन ऋण (Plus-Minus Memoranda) ज्ञापन तथा व्यय के सुसगत भाउचर्स/उपयोगिता प्रमाण—पत्र के साथ ससमय कोषागार के माध्यम से महालोखाकार को प्रेषित करना सुनिश्चित करायेंगे।

11— प्रारूप पर आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति स0सं0—7/बजट—46—07/2023 के पृष्ठ—15/टि0 पर प्राप्त है।

12— प्रस्ताव एवं प्रारूप पर अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

13— राशि की निकासी सचिवालय कोषागार विकास भवन, पटना से की जायेगी। राशि की निकासी के मामले मे महालेखाकार, बिहार, पटना के प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नही है।

14— यह मात्र व्ययादेश है, आवटनादेश CFMS के माध्यम से निर्गत किया जायेगा।

विश्वासभाजन

(शैलेश कुमार)
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापाक:—7/बजट—46—07/2023 — 572 (7) /स्वा0, पटना, दिनाक—13/03/2025

**प्रतिलिपि**—योजना एव विकास विभाग, बिहार, पटना/वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना/प्रमडलीय आयुक्त, दरभगा प्रमंडल, दरभगा/जिला पदाधिकारी, दरभंगा, समस्तीपुर एव मधुबनी/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना/अवर सचिव—सह—निकासी एव व्ययन पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/असैनिक शल्य चिकित्सक—सह—मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, दरभगा, समस्तीपुर एवं मधुबनी को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि:**— अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग प्रधान आप्त सचिव/निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना/प्रशाखा पदाधिकारी—6 एव 7/लेखा शाखा (दो प्रतियो मे), स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि:**— प्रबंध निदेशक, बिहार चिकित्सा सेवाए एव आधारभूत सरचना निगम लिमिटेड, स्वास्थ्य भवन, शेखपुरा, पटना को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि:**— आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर/अपलोड करने एव संबधित को ई—मेल करने के निदेश के साथ प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव।